# तीन ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह की तैयारी

## निवेश पर जोर

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** योगी सरकार इस बार पांच साल में तीन बार ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह कराएगी। इसमें एक लोकसभा चुनाव से पहले और दो उसके बाद कराए जाएंगे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भी अगले साल कराया जाएगा। इसके लिए पहले दिल्ली, मुंबई से लेकर न्यूयार्क, लंदन, बर्लिन तक रोड शो होंगे। इन रोड शो के जरिए ही निवशको के समक्ष यूपी की ब्रांडिंग की जाएगी और मल्टीनेशनल कंपनियों को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए यूपी आमंत्रित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली बार के इन्वेस्टर्स समिट व दो बार के कामयाब ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह से उत्साहित होकर इस बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराने का निर्णय लिया है। इसमें देश विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों, उद्योगपतियों, निवेशक शिरकत करेंगे और यूपी में निवेश के लिए विभिन्न सेक्टर में एमओयू साइन करेंगे। पिछली बार तो 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रोजेक्ट पर सहमति बनी थी।

इस बार लक्ष्य 10 लाख करोड़ का रखा गया है। इसके लिए बड़ा जोर विदेशी निवेशकों को लाने का है। इसके लिए यूपी सरकार के मंत्री, इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी अमेरिका, फ्रांस, इटली, जर्मनी, नीदरलैंड, ब्रिटेन व अन्य यूरोपीय देश का दौरा कर वहां के निवेशकों को बताएंगे कि कैसे भारत का सबसे बड़ा राज्य यूपी निवेश के लिए बेहतरीन गंतव्य स्थल बनता जा रहा है।

**04** लाख करोड़ के निवेश पर पिछली बार सहमति

**10** लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य इस बार है

- **ग्लोबल समिट से पहले दिल्ली, मुंबई से लेकर लंदन, न्यूयार्क, बर्लिन तक होंगे रोड शो**

## सरकार ने इसके लिए तय किया टाइम टेबल

असल में योगी सरकार ने दूसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के बाद 2020 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की योजना बनाई थी लेकिन दूसरी प्राथमिकताओं में व्यस्तता के कारण समय नहीं मिल पाया। अब दूसरे कार्यकाल में इसे कराने के लिए सरकार अब पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए पूरा टाइम टेबल तय कर दिया है।

जून तक तो तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह हो जाएगा। सितंबर तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराने के लिए पूरी कार्य योजना बन जाएगी।

उसके बाद रोड शो शुरू होंगे। वैसे तो 2024 तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके मेगा इवेंट में आए निवेश प्रस्तावों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा और उन निवेश परियोजनाओं के लिए जमीन दिला कर उनका शिलान्यास यानी ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह आयोजित किए जाएंगे।